हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 11 मई 2024


तापमान

अधिकतम 42 .1 डिग्री

न्यूनतम 26 .8 डिग्री


11 70 नागरिकों ने किया रक्तदान





12 मदर डे के उपलक्ष्य में छात्रों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम





## खबर संक्षेप

### पुगथला में महिलाओं के साथ मारपीट

**गन्नौर।** पुगथला गांव में खेत मे पानी डालने से रोकने पर गांव के व्यक्तियों ने खेत मालिक के साथ मारपीट की। आरोपी है कि उन्होंने घर मे घुस कर औरतों के साथ गाली-गलौच कर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुगथला निवासी सीमा ने बताया कि गांव के राकेश ओर प्रदीप उनके खेत मे पानी डाल रहे थे। उसके पति सोनू ने मना किया तो राकेश ओर प्रदीप ने उसके साथ मारपीट की। जब उसका पति सोनू व ससुर खुबडू चौकी में शिकायत देने गए तो आरोपी उनके घर आए और उनकी ननद व सास के ऊपर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुन पड़ोसियों को आता देख आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपी राकेश व प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू के दी है।

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर 19 को

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ एक्सीलेंस व सक्षम के साथ मिलकर लाला देवीचंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माणशाला (दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र हिसार) के सहयोग से कृत्रिम अंग नाप व निशुल्क वितरण शिविर लगाया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि 19 मई रविवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 14 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें 19 मई को अंगों का नाप लिया जाएगा और तकरीबन 20 दिनों के बाद निशुल्क वितरण किया जाएगा।

### झगड़े की रंजिश के चलते चालक को पीटा

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में झगड़े की रंजिश के चलते चालक को पीट-पीटकर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव सलेम्पुर यूपी निवासी उमेश यादव ने बताया कि वह चालक की नौकरी करता है। गत 6 मई को वह माल लोड करके औद्योगिक क्षेत्र राई में आया हुआ था। सुबह आठ बजे कैंटर को रामधर्म कांटा के पास खड़ा करके बैठ गया। कुछ देर बाद गांव का रिंकू कैंटर लेकर पहुंचा। उसने गांव में हुए झगड़े की रंजिश रखते हुए उसके साथ कहासुनी करना शुरू कर दिया। उसे डंडों से पीटकर घायल कर दिया। राहगीरों ने उसका बचाव किया। उसके बाद रिंकू धमकी देकर फरार हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी। जांच अधिकारी एसआई योगेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### हरसाना के पास युवक ने लगाया फंदा

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर गांव हरसाना के पास पेड़ पर लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना मिलते ही राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। जीआरपी थाना प्रभारी महावीर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव हरसाना के पास पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने वारदात स्थल से नमूने एकत्रित किए। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

# रात में बदला मौसम, 30 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

## शनिवार और रविवार को भी छाए रहेंगे बादल बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से मिली राहत

## आंधी के कारण शहर में कई जगह बिजली सप्लाई बाधित, फाजिलपुर में गिरे खंभे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शुक्रवार रात जिले में करीब साढ़े नौ बजे अचानक से मौसम में परिवर्तन आ गया। लगभग 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। धूल भरी आंधी ने जहां लोगों को परेशान किया तो वहीं बूंदाबांदी ने लोगों को धूल से राहत दिलाई। धूल भरी आंधी के चलते कई जगहों पर आर्थिक नुकसान की सूचना है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो शनिवार को भी आसमान पर बादल छाए रहेंगे और रविवार को बारिश के आसार बने हुए हैं। जिले में शुक्रवार सुबह मौसम साफ था और धूप खिली रही। दोपहर बाद आसमान में हल्के बादल छाने लगे थे। रात साढ़े नौ बजे धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। जिससे कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों को हल्की राहत मिली है। शुक्रवार को जिले को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बूंदाबांदी के बाद तापमान में भी गिरावट आई है। मौसम के करवट बदलने से आढ़तियों की परेशानी बढ़ गई है। जिले की गोहाना मंडी में करीब साढ़े चार लाख क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। तेज बारिश हुई तो गेहूं की भीग सकता है। गेहूं को भीगने से बचाने के लिए आढ़ती गेहं की ढेरियों व बोरियों को तिरपाल से ढकते रहे।





### आंधी में दुकानों के होर्डिंग्स उड़ गए

रात को धूल भरी आंधी आने के साथ ही शहर के कई स्थानों पर दुकानों के बाहर लगे बोर्ड व खंभों पर टंगे होर्डिंग्स हवा में उड़ते नजर आए। आंधी के बीच सड़कों पर दौड़ रहे दोपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर पेड़ों के टूटने की सूचनाएं भी मिली हैं। जिससे बिजली व्यवस्था बाधित हो गई। रात को बिजली नहीं आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### कई जगह पेड़ गिरे दुकानों के शीशे टूटे

शुक्रवार रात को करीब 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी में सुजान सिंह पार्क, फाजीलपुर व लहराड़ा समेत कई स्थानों पर पेड़ गिरे हैं और खंभे टूटे हैं। जिससे क्षेत्र में ब्लैकआउट छाया रहा। वहीं गोहाना रोड स्थित एक होटल के आगे का छज्जा गिर गया। वहीं एक दुकान का शीशा टूट गया। दुकान मालिक ने बताया कि अचानक आई धूल भरी आंधी से शीशे का गेट टूट गया। गनीमत रही कि किसी को चोटें नहीं आई।

### तापमान में गिरावट

मौसम ने अचानक करवट बदली है। जिससे शुक्रवार रात को धूल भरी आंधी के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। शनिवार को आसमान में बादल छाए रहने और रविवार को बारिश आने के आसार बने हुए हैं। बारिश होती है तो तापमान में भी गिरावट आई है।

**डॉ. प्रेमदीप**, मौसम विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर

### खंभे टूटने की शिकायत मिली

शुक्रवार रात को आई आंधी से कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली की तारों पर गिरने और बिजली के खंभे टूटने की शिकायतें मिली हैं। जिससे कई स्थानों पर बिजली व्यवस्था बाधित हुई है। किस क्षेत्र में कितने खंभे या तार टूटे हैं, इसका पूरी जानकारी शनिवार सुबह ही मिल सकेगी।

**गीतू राम तंवर**, अधीक्षण अभियंता

# चुनाव ड्यूटी में कोताही सहन नहीं करेंगे : नागर

## एसडीएम ने टीमों को दिए दिशा-निर्देश



**गन्नौर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल नागर ने ली बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

- सहायक निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव ड्यूटी में लगी फ्लाइंग स्क्वायड व स्टेटिक सर्विलांस टीम की ली बैठक

लोकसभा आम चुनाव के तहत सौंपे गए कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो इसके लिए गन्नौर के एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी निर्मल नागर ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफ एस टी) तथा स्टेटिक सर्विलांस टीम (एस एस टी) के अधिकारियों की बैठकक लेकर आदेश दिए।

### सख्त कार्रवाई करेंगे

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारियों द्वारा चुनाव ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने, निर्वाचन संबंधी दायित्वों में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी अधिकारी चुनाव दायित्वों को पूरी गंभीरता से संपादित करें। चुनाव कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। यदि किसी भी अधिकारी द्वारा निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध निर्वाचन नियमों के अधीन सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**खर्च पर नजर रखें:** नागर ने अधिकारियों को कहा कि वे प्रत्याशियों द्वारा रैली में कर रहे खर्च पर पूरा ध्यान रखने के साथ बिना परमिशन के चुनाव में घुम रहे वाहनों की जांच करे। इसके अलावा रैली व रोड शो में उनके द्वारा किए गए खर्च की जांच व वीडियोंग्राफी करे। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि नाकों पर भी वाहनों की गंभीरता से जांच करे। इस मौके पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

**पूर्व सीएम मनोहर लाल गन्नौर में बोले**

# भाजपा की सरकार सुरक्षित, कांग्रेस के कई विधायक हमारे संपर्क में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के सर्मथन में आयोजित विजय संकल्प रैली के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा समर्थन वापस लिए जाने को लेकर कहा कि हरियाणा में भूचाल जैसी स्थिति कुछ नहीं है और बीजेपी सरकार सुरक्षित है और सुरक्षित रहेगी। कांग्रेस और बीजेपी के विधायक उनके संपर्क में है। जब उनके साथ मीटिंग होगी तो विपक्ष की आंखें खुल जाएगी, पूरे देश और प्रदेश में कांग्रेस के प्रत्याशी भ्रष्टाचार में डूबे हुए है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार निशाना साधा कि पिछली बार सभी 10 सीट पर हारे थे और हार की तकलीफ तो सोनीपत और रोहतक दो सीट की ही थी, इस बार तकलीफ पर दो सीट की ना सहनी पड़े, इसीलिए दीपेंद्र हुड्डा को ही मैदान में उतारा है।



### दस की दस सीटों पर जीत दर्ज करेंगे

लोकसभा में 10 की 10 सीट पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी। विधानसभा में भी कंफर्टेबल मेजोरिटी के साथ जीत दर्ज करेगी। उन्होंने यह भी कहा है कि विधायक उनके संपर्क में भी हैं। इस विषय को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। 3 और 30 को जमा करके आगे बढ़ रहे है। वही कांग्रेस खुद के 23 भी बचा ले यह भी उनके लिए बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने दोबारा से संपर्क करना शुरू किया है कि गलती हो गई दोबारा वापस ले लो। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि जेजेपी के विधायकों से उनकी मुलाकात हुई है।

# भंडेरी में 101 ग्रामीणों ने देहदान के संकल्प पत्र भरे



### प्रथम भारत केसरी दंगल का आयोजन

**गोहाना।** शुक्रवार को भंडेरी गांव में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 55 ग्रामीणों ने रक्तदान दिया। साथ में 101 ग्रामीणों ने देहदान के संकल्प पत्र भरे। यह दोनों पुण्य प्रथम भारत केसरी दंगल के आयोजन के अवसर पर बटोरे गए। सानिध्य श्री श्री सूर्य नाथ जी, महंत सुखबीर सिंह और अवधूत संत अमर दास जी का रहा। संयोजन धनाना गांव के युद्धवीर धनाना, कथूरा गांव के धीरज नरवाल, भंडेरी गांव के संदीप कुमार, आहुलाना गांव के डॉ. आशीष मलिक ने किया।

### शिविर में 55 ने किया रक्तदान

इस मौके पर लगे रक्तदान शिविर में 55 ग्रामीणों ने रक्तदान किया। रक्त के संकलन के लिए दिल्ली से रेडक्रॉस ब्लड बैंक की टीम आई। हरियाणा पुलिस के नरेंद्र सिंह ने भी रक्तदान किया। अमित ने अपनी मां निर्मला के साथ रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में संदीप, आशीष, जोगेंद्र, दुपेंद्र, साहिल, कपिल, सत्य देव, मनोज, कुलदीप आदि ने रक्तदान किया। आयोजन में रोहतक के पीजीआई अस्पताल के लिए देहदान के संकल्प पत्र भी भरे गए। कुल 101 ग्रामीणों ने देहदान का संकल्प किया।

# आईएमटी में शेड से नीचे गिरने से श्रमिक की मौत

**खरखौदा।** आईएमटी में काम करने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। वह शेड लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह नीचे गिर गया। घायल को अस्पताल लाया गया, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पानीपत का रहने वाला लख्मी चंद अपने साथियों के साथ खरखौदा आईएमटी में शेड लगाने के लिए आया हुआ था। इस दौरान वह नीचे गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसके साथी उसे सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनो को सौंप दिया।

# लाठ में ग्रामीण पर धारदार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव लाठ में कई व्यक्तियों ने ग्रामीण पर धारदार हथियारों से हमला करके उसे घायल कर दिया। आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बेटा उसे बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल लेकर गया, जहां से उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया।

गांव लाठ के नवीन ने पुलिस को बताया कि वह ड्यूटी पर जा रहा था। उसके पास उसके पिता बलवान ने फोन करके बताया कि गांव के जयभगवान व उसके स्वजन ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। वह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचा तो उसका पिता सडक के किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला। उसके पिता ने बताया कि वह खेत से साइकिल पर घर जा रहा था। रास्ते में उस पर हमला किया गया। कुछ दिन पहले आरोपितों ने उनके ट्यूबवेल को नुकसान पहुंचाया था। इस पर एतराज जलाया गया था। इसी रंजिश पर उसके पिता पर हमला किया गया।




# मारपीट और छेड़छाड़ के आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

थाना बरोदा की पुलिस ने मारपीट व छेड़छाड़ करने की घटना में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ईशवर पुत्र गजे सिंह निवासी रिढाणा व जिला सोनीपत निवासी दो महिलाएं हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 3 मई को थाना बरोदा क्षेत्र की एक महिला नें शिकायत दी थी कि उनके पड़ोसी ईश्वर पुत्र गजे सिंह के साथ उसके गली में गेट का लगाने का विरोध करने पर कहासूनी हो गई थी। उस समय हमारा सुलह हो गया था लेकिन जब हम शाम को अपने घर पर थे तब ईश्वर व उसकी पत्नी, बहन व लड़की व अन्य साथियों के साथ हमारे साथ घर में घुसकर मारपीट की व छेड़छाड़ की कोशिश की। उक्त आरोपितों ने मेरे पति को भी दूसरे कमरे में घुसकर पीटा। इस घटना में आरोपितों के खिलाफ बरोदा में अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।



# बरोना, रोहतक व थाना कलां रोड पर अवशेष जलाने से पेड़ों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

बरोना मार्ग, रोहतक मार्ग, थाना कलां मार्ग सहित कई मार्गों पर किसानों द्वारा गेहूं के अवशेषों में आग लगाकर जलाया जा रहा है। आग के फैलाव के कारण सड़क किनारे खड़े वृक्ष भी आग से बुरी तरह झुलस गए हैं। बहुत से वृक्ष तो इस कदर आग की चपेट में आ गए हैं कि उनका फिर से पनप पाना मुश्किल है।

खरखौदा क्षेत्र में आगजनी से वृक्षों को काफी नुकसान हो रहा है। वन विभाग के पास कर्मचारियों की कमी है, जिसके चलते वे अपेक्षित ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। खरखौदा खंड वन अधिकारी भगत सिंह का कहना है कि जिन किसानों ने सड़क किनारे वृक्षों को नुकसान पहुंचाया है। उसकी जांच कराई जाएगी और उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा। इससे पहले भी पिछले वर्ष करीब 10 लाख रुपए से ज्यादा का जुर्माना किया जा चुका है। आगजनी से अधिकारी भी चिंतित है।



# हरसाना के पास कार ने 12वीं के छात्र को कुचला

**सोनीपत।** सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर गांव हरसाना के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने दो-पहिया वाहन सवार किशोर को चपेट में ले लिया। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मोहन नगर निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह औद्योगिक क्षेत्र राई में काम करता है। उसका बेटा आर्यन (16) कक्षा 12वीं में पढ़ता है। वह अपनी बाइक पर सवार होकर हरसाना में जा रहा था। हरसाना के पास देर शाम करीब 5.30 बजे सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर गांव बैंयापुर लहराड़ा से आगे हरसाना मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार को उसके बेटे को चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।









पोलर बियर 100 में से औसतन सिर्फ 2 बार ही अपने शिकार को पकड़ पाते हैं।



बोटो गुलाबी रंग के डॉलफिन की दुर्लभ प्रजाति है जो अमेज़न नदी में पायी जाती है।

# क्या है बॉम्बे आर्ट कोर्स, कैसे बनाएं करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

कला संस्कृति हमारे भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, जो सदियों से चला आ रहा है। वर्तमान समय में भी बड़े पैमाने पर कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत के कोने कोने में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रकार के शिक्षण संस्थान है जो कला से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान देते हैं तथा विभिन्न प्रकार की डिग्री प्रदान करते हैं जिसके आधार पर विद्यार्थी कला से संबंधित कार्य करते हैं और लोगों को जागरूक करते हैं अथवा कला से संबंधित अध्यापक बनते हैं। अगर आप का भी सपना कला विषय से संबंधित अध्यापक बनना है तो आप भी मुंबई आर्ट्स का कोर्स कर सकते हैं।

## युवाओं की पहली पसंद

आज के समय में कला संस्कृति का रंग रूप थोड़ा बदल चुका है, जिससे सदियों से चली आ रही कला संस्कृति के साथ-साथ वर्तमान कला संस्कृति और अत्याधुनिक तकनीकी वाली कला संस्कृति के मिश्रण की वजह से आज के समय में हमें कला के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के नए-नए रंग रूप देखने को मिलते हैं। यही वजह है कि आज के समय में अधिकांश युवा कला के क्षेत्र में अपना करियर जोड़ना चाहते हैं। अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प ढूंढ रहे हैं। कला के क्षेत्र में आगे बढ़ कर आप तरह-तरह के कला से संबंधित कलात्मक कार्य कर सकते हैं अथवा आर्ट्स के संबंध में अध्यापक बन सकते हैं। ऐसा अब तक लाखों युवा कर चुके हैं और लाखों युवा कर भी रहे हैं। अगर आपके अंदर कोई भी हुनर है तो आप उस आधार पर कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उससे संबंधित कोर्स करके डिग्री हासिल कर सकते हैं और अपना एक बेहतरीन करियर विकल्प चुन सकते हैं। बता दें कि आज के समय में विभिन्न प्रकार के विषय कला क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ऐसी स्थिति में आपके अंदर हर किसी छोटे बड़े हुनर या कलात्मक कार्य का अनुभव आपको बेहतरीन बना सकता है। कटनी में भारत में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले कला पर आधारित आयोजन एवं दर्शनी मुखिया रूप से दिखाई देते हैं। इसके अलावा कला से संबंधित विभिन्न प्रकार के पद भी आज के समय में हमें देखने को मिलते हैं तो आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

## क्या है कोर्स

बॉम्बे आर्ट एक सर्टिफिकेट कोर्स है जो कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को कराया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद विद्यार्थी कला के क्षेत्र में शिक्षक बन सकता है इसके लिए उन्हें बीएड डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। बिना बीएड डिग्री के भी मुंबई आर्ट कोर्स करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान और स्कूल में पढ़ा सकता है और इसके लिए कोई दूसरी डिग्री की भी आवश्यकता नहीं होती है। इस बात से आप मुंबई आर्ट कोर्स की महत्वता समझ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट एक शिक्षण संस्थान है जो बॉम्बे आर्ट सर्टिफिकेट डिप्लोमा की डिग्री प्रदान करवाता है। महाराष्ट्र सरकार ने सबसे पहले भारत में मुंबई में इसकी शुरुआत की थी इस शिक्षण संस्थान का उद्देश्य विलुप्त हो रहे कला संस्कृति को फिर से उजागर करना और नए रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत करना है। वर्तमान समय में बॉम्बे आर्ट पब्लिक ऑग्रेनाइजेश है जो पूरे भारत में फैला हुआ है तथा कोई भी संस्थान इसकी फ्रेंचाइज ले सकता है। इस शिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य कलात्मक शिक्षा का प्रचार करना है। इससे बिजनेस भी किया जाता है और तरह-तरह के पद भी उत्पन्न होते हैं। आज के समय में जहां हमें प्रत्येक सरकारी नौकरी के लिए बहुत बड़े कंपीटिशन से गुजरना होता है।

## कोर्स के लिए जरूरी योग्यता

किसी भी कोर्स को करने के लिए या उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उससे संबंधित योग्यता का होना अति आवश्यक है। इसीलिए अगर आप बॉम्बे आर्ट के तहत आर्ट क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आपके पास इससे संबंधित कुछ योग्यताएं अथवा पत्रता होनी चाहिए जिसके आधार पर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। यह इस बात को भी प्रमाणित कर देगा कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके पास क्या है और क्या आप वास्तव में इस क्षेत्र में कुछ कर पाएंगे या नहीं। बॉम्बे आर्ट के लिए निर्धारित की गई योग्यताएं निम्नलिखित है।

- इस कोर्स को करने के लिए कम से कम 12 वीं पास होना आवश्यक है।
- विद्यार्थी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा पास करके इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकता है।
- बारहवीं कक्षा आर्ट्स सब्जेक्ट से पास की हुई है तो बेहतर रहेगा।
- इस कोर्स को करने के लिए विद्यार्थी के मन में कला विषय से संबंधित रुचि होनी चाहिए।
- किसी भी प्रकार का कला से संबंधित हुनर के आधार पर इस कोर्स को कर सकते हैं।
- कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने वालों को बॉम्बे आर्ट कोर्स अवश्य करना चाहिए।

**कैसे करें कोर्स :** कला के क्षेत्र से संबंध रखने वाला बॉम्बे आर्ट कोर्स वर्तमान समय में काफी लोकप्रिय हो रहा है। इस कोर्स को करने के लिए आपके पास कुछ योग्यता और पात्रता होने चाहिए इसके अलावा कुछ जरूरी दस्तावेजों के आधार पर आप आसानी से कला के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। बॉम्बे आर्ट कोर्स करने के लिए आपको सबसे महत्वपूर्ण इस बात पर ध्यान देना होगा कि आपके अंदर कौन सा हुनर हैं। आप कला के क्षेत्र से संबंधित कौन सा कार्य करना जानते हैं या आपका किस कार्य में मन लगता है। उस आधार पर ही आपको इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। अगर आप पहले से ही बॉम्बे आर्ट कोर्स करना चाहते हैं तो सबसे पहले कला वर्ग से 12वीं कक्षा 50% अंकों के साथ पास करें किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा कला वर्ग से पास करने के बाद आप महाराष्ट्र में मुंबई स्थित बॉम्बे आर्ट शिक्षण संस्थान अथवा इसकी फ्रेंचाइज के तहत बॉम्बे आर्ट कोर्स कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि संपूर्ण भारत में सबसे पहले महाराष्ट्र सरकार ने ही शिक्षण संस्थान की शुरुआत की लेकिन हाल फिलहाल में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी इसी तरह के एक शिक्षण संस्थान की शुरुआत की है जो इसी तरह आर्ट्स की डिग्री उपलब्ध कराती है, जिससे बिना बीएड की डिग्री के विद्यार्थी कला विषय से संबंधित अध्यापक बन सकते हैं।

## अच्छी सैलरी के साथ-साथ पशु प्रेम दिखाने का मौका मिलता

# पशु-पक्षियों की सेवा की भावना रखते हैं तो पशु चिकित्सक में बनाएं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## बड़े स्तर पर मिलते जॉब के ऑप्शन

पशु चिकित्सक (वेटरनरी डॉक्टर) पशु पक्षियों का उपचार करता है जिस तरह से मनुष्यों का इलाज करने के लिए भारत और दुनिया भर में तरह-तरह के डॉक्टर पाए जाते हैं, ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का इलाज करने के लिए भी डॉक्टर होते हैं उन्हें पशु चिकित्सक या पशु डॉक्टर कहते हैं। विज्ञान में पशु चिकित्सक की एक श्रेणी है, जिसके अंतर्गत पशु और पक्षियों का इलाज करवाया जाता है। आज का समय पूरी तरह से बदल चुका है आज से 500 वर्ष आज के समय की तरह अविष्कार उपचार इत्यादि कुछ भी नहीं थे, लेकिन आज मनुष्य का हर तरह से इलाज किया जाता है। आज के समय में गंभीर से गंभीर बीमारी का इलाज कर दिया जाता है। विभिन्न प्रकार के तरीकों से हर संभव प्रयास करके मनुष्य को बचाया जाता है। इसी तकनीकी और एजाज के विस्तार के आधार पर विज्ञान आधारित पशु चिकित्सक प्रणाली भी बनाई गई है, जिसके तहत पशु एवं पक्षियों का इलाज भी करवाया जाता है।





### सदियों से पशुओं की सेवा की जाती


हमारे भारत में जहां सदियों सदियों से पशु पक्षियों की सेवा की जाती आ रही है। लेकिन विदेशों में आज के समय में लोग पशु पक्षियों के प्रति प्रेम दिखाते हैं कुछ पशु पक्षियों का पालन करते हैं। इसी आधार पर संपूर्ण दुनिया में पशु चिकित्सक प्रणाली का विस्तार हुआ है। वर्तमान समय में दुनिया भर में पशु चिकित्सक बने हुए हैं। पशुओं के अस्पताल बने हुए हैं। इसीलिए वहां पर पशुओं के उपचार के लिए शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक पशु पक्षी का उपचार करना संभव है। आज के समय में शिक्षा पद्धति और विकास के नए पशु पक्षियों का इलाज किया जा रहा है, तो आजकल पूरी जानकारी के साथ विस्तार से बताएंगे कि पशु चिकित्सक कैसे बनें?

### क्या होता है पशु चिकित्सा

*जिस तरह से मनुष्य का इलाज करने हेतु विज्ञान में चिकित्सा की एक पद्धति है। ठीक उसी प्रकार विज्ञान के अंतर्गत पशु एवं पक्षियों का इलाज और उसका उपचार करने के लिए चिकित्सा की एक विशेष शाखा मौजूद है जिसे पशु चिकित्सा कहते हैं। मनुष्यों की तरह पशु पक्षियों में भी समय-समय पर तरह-तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है। उन्हें भी तरह के रोग होते हैं। इसके अलावा चोट लगना घाव लगना शरीर के अंग का कटना तथा विभिन्न प्रकार की शारीरिक समस्याओं से पशु पक्षियों को बचाने के लिए विज्ञान की शिक्षा पद्धति के आधार पर इनका उपचार करने हेतु पशु चिकित्सा होती है। पशु एवं पक्षियों का विभिन्न प्रकार का इलाज करने के लिए शिक्षा पद्धति को ग्रहण करना होता है। उसके बाद ही कोई भी व्यक्ति पशु चिकित्सक बनकर पशुओं का इलाज कर सकता है। आज के समय में लोग पशु और पक्षियों को काफी महत्वता दे रहे हैं इसीलिए बड़े पैमाने पर लोग पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं। आज के समय में पशु चिकित्सक बनकर लोग एक बेहतरीन करियर विकल्प देखते हैं क्योंकि सरकार की तरफ से संपूर्ण भारत में जगह जगह पर पशु चिकित्सालय आरंभ किए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सक आने पर भी सरकार द्वारा जोड़ दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक को अच्छी सैलरी मिलती है। इसीलिए आज के समय में अधिकांश चिकित्सक बनना चाहते हैं।*

### जरूरी योग्यता

- *विद्यार्थी को कम से कम दसवीं कक्षा पास करनी होगी।*
- *दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा की डिग्री हासिल करनी होगी।*
- *12वीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सक बनाने के लिए कम से कम 50% अंक हासिल करने होंगे।*
- *बारहवीं कक्षा जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान के तहत पास करनी होगी।*
- *पशु चिकित्सक बनने के लिए एआईपीवीटी या नीट यूजी एंट्रेंस एग्जाम को पास करना होगा।*





### पशु चिकित्सक शिक्षण संस्थान में आवेदन

- आप जिस यूनिवर्सिटी से पशु चिकित्सक का कोर्स करना चाहते हैं, उसे यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपना अकाउंट बनाएं।
- अब यूजर नेम और पासवर्ड की मदद से लॉगिन करें।
- अब यूनिवर्सिटी की ऑफिसल वेबसाइट पर उस कोर्स का चयन करें, जैसे आप करना चाहते हैं।
- अब होम पेज पर आपको संबंधित सभी शैक्षणिक योग्यता दिखा दी जाएगी।
- अब आपके सामने आवेदन फार्म खुल जाएगा।
- आवेदन फार्म को सही तरह से भरें तथा संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें।
- रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपका प्रवेश परीक्षा के लिए नामांकन स्वीकार हो जाएगा।
- अब प्रवेश परीक्षा पास करके शिक्षण संस्थान में पशु चिकित्सा का कोर्स कर सकते हैं।

### 10वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

पशु चिकित्सक बनाने के लिए दसवीं कक्षा पास करने के बाद पशु चिकित्सा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का चयन करके पशु चिकित्सक बन सकते हैं। दसवीं कक्षा पास करने के बाद वेटरनरी डॉक्टर बनने के लिए निर्धारित किए गए सभी कोर्स को भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थान से कर सकते हैं। जैसे– भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली। पशु चिकित्सा महाविद्यालय तमिलनाडु। वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय तिरुपति। पशु चिकित्सा महाविद्यालय बेंगलुरु इत्यादि देश के विभिन्न पशु चिकित्सालय संस्थान से डिप्लोमा कर सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रम के अंतर्गत पशु चिकित्सा में डिप्लोमा की डिग्री प्राप्त करने के बाद ऑल इंडिया प्री वेटरनरी टेस्ट देकर पशु चिकित्सा में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसमें डिप्लोमा इन वेटरनरी फार्मेसी, डिप्लोमा इन एनिमल हसबेंडरी एंड डेयरिंग, डिप्लोमा इन वेटरनरी अस्सिटेंट, डिप्लोमा इन वेटरनरी लैब टेक्नीशियन जैसे पाठक्रम निर्धारित किए गए हैं।

### 12 वीं के बाद पशु चिकित्सक कैसे बनें

12वीं कक्षा पास करने के बाद अगर आप पशु चिकित्सक बनना चाहते हैं, तो आपको केमिस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स जैसे प्रमुख विषयों के अंतर्गत पास करनी होगी। महत्वपूर्ण विषयों से 12वीं कक्षा पास करने के बाद देश के विभिन्न बड़े और प्रमुख शिक्षण संस्थान में आवेदन लेकर पशु चिकित्सा के अंतर्गत बैचलर की डिग्री हासिल कर सकते हैं। पशु चिकित्सक बनने के लिए 12वीं कक्षा के पास करने के बाद निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं। बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी मेडिसन, बेचलर ऑफ बायो वेटरनरी साइंस, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन एनिमल हेल्थ, बेचलर ऑफ वेटरनरी साइंस इन बायो वेटरनरी(ऑनर्स), बेचलर ऑफ प्री वेटरनरी मेडिकल साइंस ।

### पशु चिकित्सक संस्थान

- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली
- राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, कर्नल
- पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान कॉलेज, बीकानेर
- सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
- मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई
- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, बनारस
- गोविंद बल्लभपंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर
- जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ी

# निष्पक्ष तरीके उम्मीदवार चयनित करने में संख्यात्मक प्रणाली मददगार



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अक्सर अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाता है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए होते हैं। इस प्रकार की प्रक्रिया में, हर उम्मीदवार को एक निश्चित संख्या या ग्रेड अनुमति दी जाती है, जो उनके क्षमताओं, योग्यताओं, और अनुभव को आधार मानकर निर्धारित किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के परीक्षण, साक्षात्कार, और कौशल मापन के माध्यम से उम्मीदवारों का मूल्यांकन किया जाता है। अंक या ग्रेड का उपयोग उम्मीदवारों की प्रतिभा को सार्वजनिक रूप से मापने के लिए किया जाता है। यह संख्यात्मक प्रणाली कंपनियों को विश्वसनीय और निष्पक्ष तरीके उम्मीदवारों को चयनित करने में मदद करती है।

## न्याय को बनाए रखने में मदद करती

इस प्रकार, अंक या ग्रेडिंग के माध्यम से संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन एक स्वाभाविक और संवेदनशील प्रक्रिया होती है, जो न केवल उम्मीदवारों को न्याय से मूल्यांकन करती है, बल्कि समाज में समानता और न्याय को भी बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धा युवा पीढ़ी की संपूर्ण व्यक्तित्व पर सीधे प्रभाव डालती है, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक। इसका सकारात्मक प्रभाव है कि यह उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर प्रेरित करती है और उन्हें अपनी क्षमताओं को स्थायीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। प्रतिस्पर्धा की भावना युवाओं में अभिनय की भावना को बढ़ाती है, जो उन्हें सफलता की दिशा में अग्रसर बनाती है। यह उन्हें सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर अधिक सक्रिय बनाती है और सामूहिक योजनाओं में भागीदारी को बढ़ावा देती है। हालांकि, प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक प्रभाव भी हो सकता है। यह युवाओं को अतिरिक्त तनाव और दबाव में डाल सकता है, जो उनकी मानसिक स्वस्थता को प्रभावित कर सकता है। समान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के दबाव ने कई युवाओं को आत्म-विश्वास की कमी, चिंता और चिंता का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, प्रतिस्पर्धा के दौरान युवाओं के बीच सामाजिक दूरी और असन्तोष की भावना भी बढ़ सकती है। इसलिए, प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से देखने का महत्व है, लेकिन समानता और सहयोग की भावना को भी महत्व देना चाहिए। युवाओं को समझाया जाना चाहिए कि प्रतिस्पर्धा केवल एक अधिकार है, न कि उनकी आत्म-मूल्य का मापदंड। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्यपूर्ण प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिसमें सहयोग, समानता, और सम्मान का वातावरण हो। संख्यात्मक आधार पर नौकरी के चयन में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग किया जाना एक प्रमुख प्रक्रिया है जो उम्मीदवारों के प्रदर्शन को मापती है। यह अंक या ग्रेड उम्मीदवारों के कौशल, योग्यता, और अनुभव को मूल्यांकित करने में मदद करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा की बढ़ती भावना:** संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करने में अंकों या ग्रेडिंग का प्रयोग, उम्मीदवारों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ा सकता है। यह उन्हें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सफलता प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रेरित कर सकता है।

**आत्म-मूल्यांकन की भावना:** अंकों या ग्रेडिंग के प्राप्ति से उम्मीदवार अपनी क्षमताओं और क्षमताओं का मूल्यांकन करते हैं। यह उन्हें अपने स्वयं के लिए स्वावलंबी और सक्षम महसूस करने में मदद कर सकता है।

## मानसिक स्वास्थ्य को करती प्रभावित

संख्यात्मक आधार पर नौकरी का चयन करते समय, उम्मीदवारों को अपने कौशलों और योग्यताओं के दावों को समर्थनित करने में दबाव महसूस हो सकता है। यह उन्हें अधिक अतिरिक्त काम करने के लिए प्रेरित कर सकता है। कम अंकों की स्थिति में स्वाभाविक आत्म-संदेह स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो युवाओं को डिप्रेशन की ओर ले जाती है। यह सामाजिक प्रतिस्पर्धा की भावना, स्वाभिमान का नुकसान, और अधिकतर मामूली असफलताओं के लिए अपने आप को दोषी मानने की भावना से जुड़ा हो सकता है। यह अवस्था युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है और उन्हें डिप्रेशन, तनाव, और अन्य मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस समस्या को हल करने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मेंटर्स या गुरुओं का उद्दीपन, उनके मार्गदर्शन, और समर्थन से युवा अपनी आत्म-संदेह को पराजित कर सकते हैं। मेंटर्स उन्हें संभावितताओं को देखने और समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे उन्हें सामान्यतः से बड़े दृष्टिकोण से समस्याओं को देखने और समाधान करने की कला सिखा सकते हैं। अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है, क्योंकि वे अपने बच्चों को आत्म-संदेह की स्थिति से बाहर आने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे अपने बच्चों को समर्थन प्रदान करते हैं, उन्हें समस्याओं का सामना करने के लिए उत्तेजित करते हैं, और उन्हें उनके क्षमताओं और पोटेंशियल के प्रति आत्म-विश्वास दिलाते हैं। साथ ही, मेंटल हेल्थ के लिए सामाजिक समर्थन का महत्व भी होता है। इसलिए, युवाओं को उनके परिवार, मित्र, और समुदाय के साथ संवाद करने और उनसे सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। सम्भवतः उपर्युक्त उपायों के माध्यम से, युवाओं को आत्म-संदेह की स्थिति से निकालने में मेंटर्स और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### फंदा लगाने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके में फांसी लगने से एक महिला की मौत हो गई। मामला झज्जर जिले के गांव खरहर का है। वीरवार की देर शाम को मकान में महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। किसी की नजर पड़ती तो उसे संभाला गया लेकिन देर हो चुकी थी। सूचना पाकर आसौदा थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया। बताते हैं कि महिला यहां लिवइन में रह रही थी। पुलिस की मानें तो अभी महिला के माता-पिता के बयान नहीं हो सके हैं। उनके यहां आने के बाद बयान लिए जाएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। शनिवार को पोस्टमार्टम की संभावना है।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने दी जान

**झज्जर।** साल्हावास में अज्ञात कारणों से एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय जसवंत पुत्र जगदीश निवासी धनीरवास के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक जसवंत अविवाहित था तथा साल्हावास स्थित किराए के मकान में अकेला रहता था। मामले की जांच अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि मृतक के पिता जगदीश के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### ट्राले की चपेट में आने से स्कूटी सवार घायल

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दुजाना के नजदीक एक ट्राला व स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सुबाना गांव निवासी निखिल पुत्र सुरेश चंद्र के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में सुबाना गांव निवासी मुकेश रानी पत्नी सुरेश चंद्र ने बताया कि बीती आठ मई को जब उसका पुत्र निखिल अपनी स्कूटी से रोहतक से सुबाना गांव की ओर लौट रहा था तो उसे दुजाना गांव के नजदीक एक ट्राले ने टक्कर मार दी। निखिल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया।

### सात लोगों की आंखों का करवाया ऑप्रेशन

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने दिल्ली के द्वारका में स्थित परफेक्ट लेजर आई सेंटर में 7 लोगों की आंखों का ऑप्रेशन करवाया। दरअसल, रविवार को भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर द्वारा लगवाए जा रहे निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में जांच के उपरांत इन लोगों को आंखों के ऑप्रेशन के लिए चिह्नित किया गया था। रविंद्र छिल्लर द्वारा वर्ष 2016 से लेकर अब तक 3212 लोगों की आंखों का ऑप्रेशन करवाया जा चुका है।

### मातृशक्ति को किया नमन

**बहादुरगढ़।** शहर की एचएल सिटी में मातृशक्ति के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान समर्पित माताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद नीतू शौकीन ने कहा कि बिना नारी के समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कभी पितृ भाषा नहीं कहा जाता है, जब भी कहा जाता है मातृभाषा ही कहा जाता है। एक माता अपने गुणों से पूरे परिवार को संवार देती है।

## खिलाड़ियों ने स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में चमकाया स्कूल का नाम

# ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल ने 5 स्वर्ण सहित सात पदक जीते

### चेयरमैन सुधीर जैन व प्राचार्या गीता ने पदक विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के खिलाड़ियों ने 10 वीं शार्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण सहित कुल 7 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । सोनीपत में न्यू फ्लाइंग स्केटिंग अकदमी की तरफ से सेक्टर-4 स्थित राजीव गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। स्कूल के स्केटर अंशिका, शिवांक, कुशल, तुषार व अवि ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बृहस्पतिवार को स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विद्यालय में पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनकी हौसलाफजाई की। मौके पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, श्वेता शर्मा, बीना, ज्योति शर्मा, पीटीआई ज्योति, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत, स्केटिंग कोच विनोद सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सोनीपत। पदक विजेता स्केटर चेयरमैन सुधीर जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ।

### लॉन टेनिस खिलाड़ी खुशी बनी नंबर वन रैंक खिलाड़ी



**सोनीपत।** लिटल एंजल्स स्कूल की लॉन टेनिस खिलाड़ी खुशी कादयान ने भारत की न. 1 रैंक खिलाड़ी बनकर अपने विद्यालय व देश का नाम रोशन किया। उसकी यह उपलब्धि विद्यालय व सोनीपत वासियों के लिए बड़े गर्व की बात है। 20 मई, से 24 मई तक काठमांडू, नेपाल में आयोजित होने वाली अंडर- 12 कैटेगरी में खुशी अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं दूसरी तरफ हॉकी खिलाड़ी साक्षी राणा को इंडिया जूनियर टीम की वाइस कैप्टन के लिए नियुक्त किया गया और गौरवान्वित पूर्व छात्रा कनिका सिवाच ने इसी प्रशंसित टीम में स्थान प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को चार चांद लगा दिए। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएँ दीं और भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य एवं अन्य।

### पीयूष-मानकी ने जीते स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में 5वीं इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मालवीय शिक्षा सदन के तीन स्केटर ने तीन मेडल प्राप्त किया। पीयूष, मानकी ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं वृत्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस मौके पर मालवीय शिक्षा सदन के प्रधानाचार्य ने ने बच्चों को बधाई देते हुए मेडल बाना पहन कर सम्मानित किया। कोच शिवा कौशिक व सीनियर कोच दुष्यंत सैनी को उनके उजाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



सोनीपत। पौधरोपण करते अरुण साथ में ट्री मैन एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

# सभी पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान दें : धमीजा

- पिता की तीसरी पुण्यतिथि पर रोपे पंद्रह पौधे
- गत वर्ष रोपे गए पौधों की भी लगातार कर रहे हैं देखभाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत शहर निवासी अरुण धमीजा ने अपने पिता वीरभान धमीजा की तीसरी पुण्यतिथि पर सेक्टर-8 में पौधरोपण अभियान चलाते हुए 15 पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने रोपे गए सभी पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने की भी बात कही। अरुण धमीजा ने गत वर्ष भी यहां पौधरोपण किया था और वह रोपे गए पौधों की लगातार देखभाल कर रहे हैं। ट्री मैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि अरुण धमीजा पर्यावरण संरक्षण को मजबूती देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अपने पिता वीर भान धमीजा की पुण्यतिथि पर हर साल पौधरोपण करते हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेक्टर-8 के ऑक्सीजन बाग में बरगद, पीपल व नीम के 15 पौधे रोपे। अरुण धमीजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारा एक प्रयास आने वाली पीढ़ियों को सुनहरा कल दे सकता है। इसलिए सभी पर्यावरण के संरक्षण में अपना योगदान दें। इस दौरान हरभगवान गाबा, संजय सचदेवा, सुमित सहगल, आशु धमीजा, गौरव शर्मा, अंकित मेहता, जन्नू मेहता, सोनू शर्मा, डॉ. संदीप, विजय मलिक, महेश, राहुल नैन, मंजीत शर्मा, योगेश अन्य मौजूद रहे।

### प्रोफिट का लालच दिखा ठगी करने वाले तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट में इंवेस्टमेंट पर अच्छे प्रॉफिट का झांसा देकर लाखों की चीटिंग करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर थाना पुलिस ने किया है। गैंग के तीन आरोपियों को गुजरात में छापा मारकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी चीटिंग की रकम को तुरंत अलग अलग एटीएम से निकालकर आपस में बांट लेते थे। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम भूपत, विपुलदान और चंद्रेश हैं। तीनों गुजरात के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं। 23 मार्च को साध नगर, पालम निवासी शख्स ने 8.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत की थी।

# स्प्रेड स्माइल पाठशाला में इक्षु रस पिलाकर मनाया अक्षय तृतीया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा अक्षय तृतीय पर्व आज सेक्टर 12 स्थि१ कम्युनिटी सेंटर में डॉ. सुरेश जैन की अध्यक्षता में बड़े धूमधाम से मनाया गया। अक्षय तृतीया बड़ा शुभ दिन माना जाता है और विभिन धर्मों में इसका विशेष महत्व भी है। जैन धर्म के अनुसार आज भगवान ऋषभदेव ने 12 महीने की लंबी तपस्य के बाद इक्षु रस से पारना किया था इसलिए आज के दिन इक्षु (गन्ने) रस पिया और पिलाया जाता है। इसी मौके पाठशाला में भी सभी के लिए इक्षु रस मंगवाया गया और साथ में बच्चो को खाने की सामग्री भी वितरित की गई। इस मौके सेक्टर 12, सेक्टर 15, गुरुद्वारा, बस स्टैंड शिव मंदिर स्थित सभी पाठशालाओं के बच्चे शामिल हुए। संस्था के सदस्य विकास जैन, माधुरी जैन, रमेश जैन, सुधीर जैन, प्रेम, तुषार, तान्या, प्रियंका, शारदा रेलन, हिमांशी, मीनू अग्रवाल, दीपशिखा नेगी आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बच्चों के लिए इक्षु रस तैयार करवाते संस्था पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सफाईकर्मी की पत्नी को 30 लाख का मुआवजा देने के आदेश को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 2017 में सिर पर मैला ढोते समय जान गंवाने वाले सफाईकर्मी की पत्नी को 30 लाख रुपये मुआवजा देने के एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ शुक्रवार को हाईकोर्ट का रुख किया। दिल्ली सरकार के स्थायी वकील संतोष कुमार त्रिपाठी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि एकल न्यायाधीश के आदेश पर अमल करते हुए पत्नी को उसी महीने 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया था, जिस महीने उसके पति की मृत्यु हुई थी। वकील ने कहा कि इसलिए सुप्रीम कोर्ट का वह आदेश इस मामले लागू नहीं होगा, जिसमें सिर पर मैला ढोने के दौरान जान गंवाने वालों के आश्रितों को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया गया था। पीठ ने सरकार की अपील पर मृतक की पत्नी को नोटिस जारी किया, साथ ही अधिकारियों को उसे छह सप्ताह में बढ़ा मुआवजा देने का आदेश दिया।

# 70 नागरिकों ने किया रक्तदान

- वेलकम फाउंडेशन ने भगवान परशुराम आश्रम में कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

वेलकम फाउंडेशन गोहाना द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शुक्रवार को भगवान परशुराम आश्रम में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 70 नागरिकों ने रक्तदान से भगवान परशुराम को नमन किया।

शिविर का संयोजन संस्था के सचिव ज्ञानेंद्र रोहिल्ला ने किया जबकि अध्यक्षता संस्था के संस्थापक केसी शर्मा ने की। परशुराम आश्रम के संचालक सुभाष शर्मा एवम डॉ. चक्रवर्ती शर्मा शर्मा रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने पहुंचे। शिविर में फूलकंवार शर्मा, जितेश शर्मा, रमेश, सुनील एवम दीपेंद्र शर्मा ने पहली बार रक्तदान किया। इस आयोजन में जयवीर कौशिक, मनोज कौशिक, दीपक शर्मा, रामपाल दहिया, जितेन्द्र शर्मा, मनजीत कुमार और विनोद भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा।



गोहाना। भगवान परशुराम आश्रम में आयोजित शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि



गोहाना। समारोह में अतिथियों को सम्मानित करते प्राचार्य अश्विनी कुमार।

### गीता विद्या मंदिर में कार्यक्रम

**गोहाना।** शिक्षक विद्यार्थियों को परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने में सक्षम बनाएं। शुक्रवार को यह आह्वान एसआरके संस्था के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार ने किया। वह शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित गीता विद्या मंदिर में आचार्य दक्षता वर्ग का मार्गदर्शन कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। यह आयोजन सीबीएसई के नई शिक्षा नीति के नवाचार संबंधी शैक्षणिक सिद्धांतों से अवगत करवाने के लिए हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि कक्षा में शिक्षक सकारात्मक वातावरण बनाएं तथा हर बच्चे की अपने स्तर पर काउंसलिंग करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि बच्चों के मानसिक स्तर को समझ कर योजनाबद्ध तरीके से कार्यप्रणाली को पारिवारिक वातावरण में लागू करें। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अमरनाथ यति, रविंद्र बत्रा, मनु दूहन, संतोष भारद्वाज, देवेंद्र कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# टीचर ट्रेनिंग सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

प्रताप स्कूल खरखौदा में टीचर ट्रैनिंग प्रोग्राम के तहत इंग्लिश स्पोकन सेमिनार का आयोजन किया गया। अंग्रेजी प्राध्यापक सी पी जैन व आरती दहिया ने रिसोर्स पर्सन जयश्री मेहता का विद्यालय में पधारने पर अभिनंदन किया और उनका परिचय कराया। इस कार्यक्रम में जयश्री मेहता ने इंग्लिश स्पोकन पर अनेकानेक गतिविधियों के माध्यम से अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य इंग्लिश स्किल्स डेवलपमेंट करना था। साथ ही कक्षाओं में छात्र-छात्राओं में विषय के प्रति रूचि उत्पन्न कराने, लर्निंग स्किल्स, राइटिंग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की क्षमताओं, प्रवृत्तियों, प्रकियाओं को विकसित करना था। उन्होंने बताया कि आज इंग्लिश का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है। बिना इंग्लिश के सफलता मिल पाना मुश्किल है। इंग्लिश ने आज पूरी दुनिया को एक कर दिया है। इस दौरान शिक्षकों ने रिसोर्स पर्सन जयश्री मेहता से अनेक विषयों पर प्रश्न किए और ज्ञानवर्धन किया। प्रतिभागी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सामग्री और प्रस्तुति के लिए सराहना की। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व डॉ दीपिका दहिया भी उपस्थित रहे।



खरखौदा। शिक्षकों को शिक्षण गुर देते रिसोर्स पर्सन। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। लड्डू बांटकर खुशी मनाते आप कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### केजरीवाल की रिहाई पर जताई खुशी

**सोनीपत।** आप नेता एवं पूर्व पार्षद विमल किशोर ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को सर्वोच्य न्यायालय ने रिहा कर जनता का विश्वास जीता है। विमल किशोन के नेतृत्व में मुख्य बाजार व सड़को पर पार्टी के झंडे लहराते हुए लड्डू बांट कर प्रदर्शन किया।जिसमे विमल किशोर ने कहा केजरीवाल की गिरफ्तारी मोदी के तानासाह राज की अंत की शुरूआत थी और केजरीवाल की रिहाई मोदीराज के ताबूत की आखरी कील साबित होगी। विमल किशोर ने आगे कहा कि मोदी ने लोगो में डर फैला कर नफरते पैदा की थी जिसे जनता आज समझ चुकी है ओर इंडिया गठबंधन की सरकार को देश मे लाने के लिए तत्पर है। सतीश, विनोद, राजेश, सुहेन, ललित, यादवेंद्र, कृष्ण, कांग्रेस नेता भारत भूषण, प्रेम रेलन, मुकेश, ओम प्रकाश, आनंद मौजूद रहे।

## आबकारी नीति घोटाले से जुड़ा धनशोधन का मामला

# कविता की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने ईडी से अपना रुख बताने को कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली






दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से अपना रुख बताने को कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने जांच एजेंसी को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 24 मई की तारीख तय की। नेता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने अदालत से मामले की सुनवाई अगले सप्ताह ही करने का आग्रह किया और कहा कि इससे पहले अधीनस्थ अदालत में दायर कविता की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय का जवाब पहले ही दर्ज किया जा चुका है। दिल्ली की अधीनस्थ अदालत ने धन शोधन मामले में कविता की जमानत याचिका छह मई को खारिज कर दी थी। कविता ने अदालत के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा किउन्हें जवाब दाखिल करना होगा। मैं नोटिस जारी करूंगा। ईडी ने कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से 15 मार्च को गिरफ्तार किया था।

# शिक्षक पहेलियों से विद्यार्थियों को सिखाएं

## राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद के निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के निदेशक डॉ. सुनील बजाज ने चार दिवसीय चलने वाली द्वितीय फेज की ट्रेनिंग के समापन पर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को पहेलियों के माध्यम से बच्चों को सिखाने पर बल दिया।

खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ ने बताया डॉ. सुनील बजाज ने छात्रों में सृजनात्मक पहलू पर फोकस किया। उन्होंने प्राथमिक अध्यापकों को समझाते हुए कहा कि आज अध्यापक नहीं अपितु छात्र केंद्रित शिक्षा है। अतः पढाते समय छात्रों से बार-बार प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए हमें उनके अंदर जिज्ञासा व रुचि पैदा करनी चाहिए । मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार और मनोज कुंडू ने विभिन्न क्रियाकलापों से प्राथमिक शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता ढांचा की ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग के समापन पर प्राथमिक अध्यापकों को एफ एलएन ट्रेनिंग के सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सपना बीआरपी, संदीप बीआरपी, संगीता बीआरपी, राम मेहर और अध्यापक मौजूद रहे।



गोहाना। अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## बच्चों ने मां की ममता पर प्रस्तुत की कविता

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में वीरवार को मातृदिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। मंच संचालन दसवीं कक्षा की छात्राओं ने किया। मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने प्रेरक भाषण से क्रायक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नौंवी कक्षा की मंशिका, पिनाकी ने मां की ममता पर मोहक कविता प्रस्तुत की। ग्रुप सोंग राघव, शुभम, आराध्या ने प्रस्तुत किया। दसवीं कक्षा की प्रियांशी ने मां की महता पर भाषण प्रस्तुत किया। अंत में विद्यालय मैनेजर सुखप्रिय शास्त्री, निदेशक दीपक, प्राचार्य योगेंदर सिंह यादव, मुख्याध्यापिका रीटा तनेजा ने छात्रों की सराहना की।

## किसान के खेत से बिजली की मोटर चोरी

सोनीपत। सदर थाना क्षेत्र के गांव भठगांव माल्याण में किसान के खेत से बिजली की मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव भटगंव माल्याण निवासी विकास ने बताया कि उसने गांव के अजीत के खेत में पांच एचपी की मोटर खेत की सिंचाई के लिए लगाई हुई थी। किसी ने उसकी मोटर को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर मोटर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**गोहाना।** समस्त ब्राह्मण समाज गोहाना द्वारा शुक्रवार को सेक्टर सात स्थित परशुराम आश्रम में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन के बाद भंडारा लगाया गया। उसके बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम और शोभायात्रा में कई प्रमुख लोगों ने भाग लिया। दूसरी तरफ सोनीपत रोड स्थित टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम के स्मारक पर भी माल्यार्पण किया गया।

अतिथिगण में कांग्रेस से सोनीपत लोकसभा से प्रत्याशी पंडित सतपाल ब्रह्मचारी नवीन जयहिंद, हरिराम दीक्षित ब्राह्मण समाज के कई प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### परशुराम चौक पर माल्यार्पण कर किया नमन

# भगवान परशुराम सत्य, धर्म न्याय व तप के प्रतीक : मेयर



सोनीपत। परशुराम चौक पर मेयर निखिल मदान पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मेयर निखिल मदान शुक्रवार को शहर के रोहतक फ्लाईओवर के पास बने परशुराम चौक पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव और अक्षय तृतीया के पर्व की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन सत्य के रास्ते पर चलकर, अन्याय के खिलाफ संघर्ष और विजय पाने का प्रतीक है। भगवान परशुराम का जीवन तप, त्याग, तपस्या और वीरता का अनुकरणीय उदाहरण है। भगवान परशुराम का आशीर्वाद सभी निगम वासियों पर बना रहे ऐसी वो कामना करते हैं। अक्षय तृतीया के मांगलिक पर्व पर माता लक्ष्मी जी और विष्णु जी का आशीर्वाद सब पर बना रहे। साथ ही सबके घरों में धन वैभव और सुख समृद्धि का वास हो ऐसी उनकी प्रार्थना है। इस मौके पर सुरेश गौड़, कुलदीप वत्स, रवि कौशिक, शुभम शर्मा, जुगल ज्योति, लव भूटानी, अमर गौड़, नन्नू मदान, अनिल कुमार, राहुल सैनी, सुजीत गहलावत, शुभम गर्ग, प्रवीण सिसोदिया, गौरव कौशिक, आशीष शर्मा, तरुण वशिष्ठ, कृष्ण वशिष्ठ, कपिल वशिष्ठ, संदीप दहिया, नरेश सरोहा, सतबीर हुड्डा, वीरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।



गोहाना। भगवान का स्मरण करते हुए गांव धनाना के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

# हवन में आहुतियां डालकर भगवान परशुराम को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के दिन शुक्रवार को गांव धनाना स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर में हवन करवाया गया। ग्रामीणों ने हवन में आहुतियां डालकर भगवान परशुराम को नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य द्वार पर विस्थापित भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पापर्ण के साथ हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने हवन किया। हवन में मंदिर के पुजारी राजेश शास्त्री ने मंत्रो का जाप करवाया और पं. भागीरथ ने हवन में आहुतियां डलवाई। मुख्य यजमान गांव के सरपंच प्रतिनिधि अनिल उर्फ नीला जाटायन, अनिल जाटायन, पंडित श्याम और उनकी पत्नी रहे। हवन में पं. राममेहर, पूर्व सरपंच मुन्ना राठी, सुनील, पं. सेवा राम और पं. अनिल सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाल कर भगवान परशुराम को नमन किया।

# हुड्डा बाप बेटे ने हरियाणा को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी : मनोहर लाल

- भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में आयोजित की गई विजय संकल्प रैली



गन्नौर। विजय संकल्प रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली, जिलाध्यक्ष एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**सोनीपत।** हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कांग्रेस ने हरियाणा के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया है। हुड्डा बाप बेटे ने हरियाणा को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। केंद्र में भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में पिछले 10 साल में विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचा है। मनोहर लाल खट्टर शुक्रवार को गन्नौर में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली को संबोधित करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देश की जनता ने ठान लिया है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इस दौरान हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री की पुत्रवधू आशा शर्मा ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। रैली में प्रधान सामाजिक सरोकार मंच के सुरेंद्र लाठर, जींद प्रभारी चंद्रपाल समेत दर्जनभर से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए। वही दूसरी तरफ अपने जनसंपर्क अभियान के तहत बडौली ने शुक्रवार को राई विधानसभा क्षेत्र के नाहरी, नाथूपुर, मैक्स साइड सेक्टर 35, खेड़ी मानाजत, प्रीतमपुरा, सफियाबाद, भुविका फार्म हाउस, बाजिदपुर और सब्जी मंडी समेत अन्य जगहों पर जनसंपर्क किया।

## भगवान परशुराम को किया नमन

**रोहतक।** महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट द्वारा निशुल्क वैवाहिक परिचय सेवा केंद्र हुडा कांप्लेक्स में परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई, समिति के सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माला अर्पण कर उनको नमन किया। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता ने अपने विचार रखे और बताया कि भगवान परशुराम विष्णु के अवतार और शिव के परम भक्त थे, इन्हें शिव से विशेष परशु प्राप्त हुआ था, इनका नाम तो राम था किंतु शंकर द्वारा प्रदत अमोघ परशु को सदैव धारण किए रहने के कारण यह परशुराम कहलाते थे। परशुराम त्रेता युग के एक ऋषि थे, उनका प्रकृति एवं पशु पक्षियों के साथ जीवंत संबंध था।



सोनीपत। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## संदीप को विधानसभा प्रभारी, मुकेश गौतम सह-प्रभारी बने

सोनीपत। भाजपा सोशल मीडिया प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां की गई है। जिसके तहत संदीप कुमार को सोनीपत विधानसभा का प्रभारी, मुकेश गौतम को सहप्रभारी, संजय गौतम, हर्षित भारद्वाज, सोहनलाल, विकसित भारद्वाज व हनी चावला को जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इस मौके पर सोनीपत जिला के सोशल मीडिया प्रमुख रविंद्र मलिक, प्रदेश सोशल मीडिया सहप्रभारी तरुण शर्मा, सोनीपत से योगेश पाल अरोड़ा, सोशल मीडिया टीम से जिला सोशल मीडिया से प्रमुख विकी निश्चल, अश्वनी वर्मा एवं हरदीप आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्वाचित छात्र संघ परिषद ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गेटवे स्कूल की विशेष प्रार्थना सभा में गेटवे स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने भगवान परशुराम की जयंती, सिक्खों के गुरु अंगदेव की जयंती के मौके पर नवनिर्वाचित छात्र संघ परिषद् का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पावन पर्व अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम की महिमा का यशोगान करते हुए नृत्य-संगीत युक्त एक लघु नाटिका, काव्यपाठ, दोहे-चौपाई-सोरठे छंदों, संभाषण, रोचक और ज्ञानवर्धक प्रश्नौत्तरी का शिक्षाप्रद मंचन किया।

नवनिर्वाचित छात्र संघ परिषद् द्वारा हाथ में स्कूल ध्वज लेकर मार्च पास्ट किया गया तथा स्कूल गानोपरांत मुख्यातिथि ने छात्र संघ परिषद् को पद, गरिमा और अपने दायित्व को स्कूली नीति-रीति द्वारा निर्वाह करने की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्य अतिथि गेटवे स्कूल के निदेशक राहुल मंगला रहे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रेम कुमार ओझा, उप प्रधानाचार्या रिम्पी वर्मा के नेतृत्व में समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



सोनीपत। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्र का शुभारंभ करते प्राचार्य एवं अन्य।

# चुनाव के दौरान अनुचित संसाधनों का इस्तेमाल न करें

- ईडीसी व पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से कर्मचारी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में नियुक्त प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अपने कर्तव्य की पालना सुनिश्चित करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। यह बात डीआरओ सोनीपत हरीओम अत्री ने राई विधानसभा क्षेत्र में एफएसटी एवं एसएसटी के नियुक्त अधिकारियों की मीटिंग लेते हुए कही।

उन्होंने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में कहा कि लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे पूर्ण सजगता व सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। अपने से संबंधित नाकों पर पूरी निगरानी रखी जाये। एफएसटी, एसएसटी टीम पूर्ण रूप से वीडियोग्राफी करवाये। उन्होंने कहा कि कहा लोकसभा चुनाव के दौरान अनुचित संसाधनों का इस्तेमाल न हो, इसके लिए हर स्तर पर पूरी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो। अवैध शराब, नकदी, नशीले पदार्थों की आपूर्ति की रोकथाम के लिए कड़े प्रयास किए जाएं। बैठक में डीडीपीओ सोनीपत जितेन्द्र कुमार ने कहा कि एफएसटी व एसएसटी टीमें सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सामग्री वितरण एवं वापसी लेना भी एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी निभा रहे सभी कर्मियों को मतदान का अधिकार है, ऐसे में ईडीसी व पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से उक्त कर्मचारी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी / कर्मचारी 18 मई 2024 शनिवार तक अपने 12ए फार्म भरकर जमा करवा दें ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके।



अधिकारियों की बैठक लेते डीआरओ हरिओम अत्री साथ में डीडीपीओ।

## ग्रामीणों ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**गन्नौर।** गढ़ी केसरी व टेहा गांव में ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ किया गया जिसमें सरपंच आशीष त्यागी व ग्रामीणों ने आहूति डाली। इसके बाद सभी ने भगवान परशुराम की तस्वीर पर माला और फूल अर्पित कर उनका आशिर्वाद प्राप्त किया और समाज में अमन और सुख समृद्धि की कामना की। टेहा गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि भगवान परशुराम को विष्णु भगवान का छठा अवतार माना जाता है। माना जाता है कि कलयुग में आज भी ऐसे आठ चिरंजीव देवता और महापुरुष हैं जो आज भी जीवित हैं। इन्हीं आठ चिरंजीवियों में भगवान परशुराम भी हैं।



भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्पार्पित करते हुए सरपंच आशीष त्यागी, सरपंच जगबीर व अन्य

# छात्रों ने मदर डे पर प्रस्तुत किए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

मदर डे के उपलक्ष्य में मातृ-दिवस का आयोजन किया गया। अनेक बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के पूर्ण करने में विभिन्न अध्यापक वृंदों का योगदान रहा। इसके बाद अलीशा, प्रतिज्ञा,तेजस,आराध्य, वेदिका आदि ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तनिष्क एवं नितिन की कविता ने सभी का मन मोह लिया। अंश ने भी अपने अंदाज में विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि भारत में मातृ दिवस एक ही दिन के लिए नहीं मनाया जाता बल्कि प्रतिदिन मातृ दिवस होता है क्योंकि बच्चे कभी अपनी मां के द्वारा दिए गए कार्यों को पूर्ण करके ,कभी अपनी तोतली बातों से और ऐसे ही अनेक कार्यों से माँ को प्रसन्न रखते हैं और उसका प्यार प्राप्त करते है। मां हमारी प्रथम गुरु भी है। मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय में बच्चों के द्वारा अपनी माता के लिए सुंदर-संदेश पत्र भी लिखा गया।




मदर डे के उपलक्ष्य में रौनक पब्लिक स्कूल के छात्र कार्यक्रम के दौरान।

## खरखौदा के वार्ड दो में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती

**खरखौदा।** शहर के वार्ड संख्या दो स्थित सामुदायिक केंद्र में भगवान परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजकों ने अतिथियों को पगड़ी ,फूल माला पहनाकर व स्मृति चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश पाराशर, नरेंद्र, बालकिशन, मुकेश, अनिल, मा. श्रीभगवान, दिनेश खांडा, अश्विनी पिपली व अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

# सरकारी छुट्टी के बाद खुले स्कूल, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती पर घोषित सरकारी अवकाश के बावजूद कई निजी स्कूल खुले रहे। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने सरकारी अवकाश पर सभी निजी स्कूलों को भी बंद रखने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शुक्रवार को कई निजी स्कूल खुले रहे।

झज्जर के कनीना में हुए बस हादसे के बाद शिक्षा विभाग नियमों को लेकर सख्त हो गया है। इस कड़ी में सभी राजकीय अवकाश पर राजकीय व निजी स्कूलों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी स्कूलों को इस संबंध में नियमों की पालना के निर्देश दिए थे। यही नहीं एक दिन पहले ही डीईओ ने पत्र जारी कर स्कूलों में 10 व 11 मई का अवकाश घोषित किया था। इसके बावजूद कुछ स्कूल नियमों की अवहेलना करते नजर आए। जिस पर डीईओ ने कहा है कि कोई भी स्कूल खुला मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## ऑनलाइन कुर्ती खरीदना पड़ा मंहगा, 83 हजार ठगे

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में ऑनलाइन कुर्ती खरीदना युवती को मंहगा पड़ गया। साइबर ठगों ने युवती को झांसे में लेकर हजारों रुपये की राशि को ठग लिया। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग ठगों का लग सके। एक युवती ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि गत 28 अक्टूबर 2023 को इंस्टग्राम पर सस्ता बाजार के नाम से एक चैनल देखा। उसके बाद वट्सअप के जरिए एक कुर्ती आर्डर की। जिसके बाद उसने ऑनलाइन 240 रुपये की पैमेंट कर दी। उसके पास कोई आर्डर नहीं पहुंचा। जिसके बाद उसने वट्सअप के जरिए मैसेज कर जानकारी ली। उसे अगले दिन ऑर्डर मिलने के बारे में कहा गया। उसके बाद 14 नंवबर को फिर से आर्डर के बारे में पूछा। त्यौहारी सीजन होने के चलते कॉलर ने कुछ दिन इंतजार के लिए कहा गया। रुपये वापिस करने के लिए कॉलर ने गुगल पेय के जरिए पैमेंट करने की बात कही।

### चुनाव के दौरान पुलिसकर्मियों की डयूटियों को लेकर दी हिदायत

# चुनाव को लेकर पुलिस लाइन में वर्कशॉप का आयोजन

पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनाव ड्युटियों के संबंध में प्रशिक्षित कर दिए जरूरी निर्देश





सोनीपत। बैठक के दौरान पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित करते हुए व मौजूद पुलिस कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

चुनाव संबंधी ड्यूटियों के लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आज पुलिस लाइन सोनीपत में किया गया एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मचारियों को आगामी चुनाव ड्युटियों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। चुनाव संबंधित ड्युटियों से संबंधित इस वर्कशॉप में मधुबन व पीटीसी सुनारिया से आये मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला सोनीपत में तैनात तकरीबन 150 पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस विशेष वर्कशॉप के दौरान मास्टर ट्रेनर डीडीए सुनीता कुमारी व उप-निरीक्षक राजेश ने चुनाव आयोग के निदेर्शों के संबंध में पुलिस कर्मियों को अवगत कराया तथा आने वाले चुनाव में ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए शांति से चुनाव करवाने में पुलिस की भूमिका को अवगत कराते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन सच्ची, निष्ठा, ईमानदारी से करने की हिदायत दी। वहीं आचार संहिता के दौरान पालना किए जाने वाले आवश्यक नियमों के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी गई। इस वर्कशॉप के माध्यम से चुनाव ड्यूटी के दौरान आमजन से व्यवहार तथा पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय स्थापित करके अच्छी व प्रभावी ढंग से ड्यूटी करने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर पीटीसी सुनारिया से निरीक्षक राकेश व लाइन अफसर, पुलिस लाइन सोनीपत भी मौजूद रहे।